4062(E)
17/6/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 17/06/2026 को सम्पन्न अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक की कार्यवाही

नई राजधानी पथ प्रमंडल, पटना के अन्तर्गत Construction of Link Road from Veterinary College Road in Aranya Bhawan to BMP-5 Road for the year 2026-27 कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थिति:**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री विजय कुमार, मुख्य अभियंता, अनुश्रवण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजकुमार, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय बीड सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–20.05.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही, जो उपभागीय ज्ञापांक–1631 दिनांक–20.05.2026 द्वारा संसूचित है, में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1875(अनु०) दिनांक–08.06.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–08.06.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Construction of Link Road from Veterinary College Road in Aranya Bhawan to BMP-5 Road for the year 2026-27 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | नई राजधानी पथ प्रमंडल, पटना। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹241.89 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–5289(S) दिनांक–12.06.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹243.80 लाख।<br>मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–2250(अनु०) दिनांक–02-07-2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹230.47654 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 06 (Six) Months |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |

2.9 निविदा प्राप्ति की तिथि : 13.05.2026

2.10 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण : पुनर्निविदा है। प्रथम बार आमंत्रित निविदा में संवेदक द्वारा Agreement नहीं किये जाने के कारण निविदा रद्द की गई थी।

3. विषयांकित पुनर्निविदा में निम्नलिखित 05 (पाँच) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) Dhananjay Kumar
(2) M/s Gladiolus Construction Pvt. Ltd.
(3) Manish Infra Care Construction Pvt. Ltd.
(4) M/s Wincon
(5) Nishikant Kumar Construction Pvt. Ltd.

4. दिनांक–20.05.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में कुल 05 (पाँच) निविदाकार यथा (1) Dhananjay Kumar (2) M/s Gladiolus Construction Pvt. Ltd. (3) Manish Infra Care Construction Pvt. Ltd. (4) M/s Wincon एवं (5) Nishikant Kumar Construction Pvt. Ltd. को निविदा की न्यूनतम वांछित अर्हत्ता को पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया।

5. उपभागीय ज्ञापांक–1631 दिनांक–20.05.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–20.05.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार M/s Gladiolus Construction Pvt. Ltd. के पत्रांक–शून्य दिनांक–22.05.2026 द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1875(अनु०) दिनांक–08.06.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक–08.06.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

6. **परिवादः–** उपरोक्त तकनीकी बीड में असफल निविदाकार M/s Gladiolus Construction Pvt. Ltd. के पत्रांक–शून्य दिनांक–22.05.2026 द्वारा इस कार्यालय में दिनांक–22.05.2026 को विषयांकित कार्य के तकनीकी बीड मूल्यांकन पर परिवाद प्राप्त हुआ है, जो निम्नवत् हैः–

| क्र० सं० | परिवादी निविदाकार का नाम | परिवाद के बिन्दु | परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय |
|---|---|---|---|
| 01 | M/s Gladiolus Construction Pvt. Ltd. | नई राजधानी पथ प्रमंडल, पटना द्वारा आमंत्रित कार्य (Construction of Link Road Project (Veterinary College Road to Aryana Bhawan to BMP-5 Road for the year 2026-27) हेतु हमारी कम्पनी ने निविदा में भाग लिया था। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा हमारी निविदा | निविदाकार M/s Gladiolus Construction Pvt. Ltd. के द्वारा निविदा के साथ Uploaded Construction Methodology में कार्य का नाम अंकित किया गया है, जिसे मान्य किया जाता है, परन्तु निविदा के साथ Uploaded अनुभव प्रमाण–पत्र जो RWD, Paliganj के द्वारा निर्गत है, |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | को SBD ITB 4.5(A)(c), ITB Cl.4.3(1)&4.5(B)(a) के अन्तर्गत असफल घोषित किया गया है।<br>महोदय, हमारी निविदा में Executed Quantity हेतु संलग्न (E.E. R.W.D.) Works Division, Paliganj Ref. No.1109, 18.09.2023) से प्राप्त प्रमाण–पत्र में Date of Start-07.01.2023 एवं Date of Completion-03.04.2023 अंकित है, जिसमें Technical Bid Evaluation में Year wise bifurcation of Executed Quantity से संबंधी कार्य में Financial Year 2022-23 में पूर्ण किया गया है। इसकी जाँच विभाग से करायी जा सकती है।<br>इसके अतिरिक्त Construction Methodology and work programme हेतु संलग्न Undertaking में कार्य का नाम भी दर्शाया गया है।<br>अतः श्रीमान् से विनम्र निवेदन है कि हमारी निविदा की पुनः जाँच की जाय। इसके लिए मैं आपका सदैव आभारी रहूँगा। | जिसका पत्रांक–1109 दिनांक–18.09.2023 है, का Executed quantity का year wise bifurcation हेतु Whatsapp के द्वारा दिनांक–29.05.2026 (शुक्रवार) को कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग से अनुरोध किया गया, जिसके आलोक में उनके द्वारा Whatsapp पर दिनांक–04.06.2026 (2:13 PM) को उक्त कार्य से संबंधित Quantity की विवरणी उपलब्ध करायी गयी है, जिसके Quantity में पत्रांक–1109 दिनांक–18.09.2025 को निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र से भिन्नता पायी गयी है एवं Whatsapp पर दिनांक–04.06.2026 को प्राप्त विवरणी में यह अंकित किया गया है कि सभी कार्य वित्तीय वर्ष 2023–24 में पूर्ण कराया गया है, जबकि निविदाकार द्वारा दिये गये परिवाद में अंकित किया गया है कि सभी कार्य वित्तीय वर्ष 2022–23 में पूर्ण कराया गया है, जिससे विरोधाभाष की स्थिति उत्पन्न हो रही है।<br>अतः प्राप्त परिवाद को अमान्य किया जाता है। |

7. **<u>परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः–</u>**

परिवाद की समीक्षा के आलोक में सम्यक् विचारोपरान्त् दिनांक–20.05.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिए गये निर्णय को यथावत् रखने की अनुशंसा की जाती है।

१७५०२।निवि
17/6/26

8. **अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन) की अध्यक्षता में गठित समिति का निर्णयः–**

8.1 मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1875(अनु०) दिनांक–08.06.2026 के माध्यम से पुनर्निविदा की तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद/आपत्ति/अभ्यावेदन पर दिनांक–08.06.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आधार पर सम्यक् विचारोपरान्त एवं समीक्षोपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये जाते हैः–

(i) विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार M/s Gladiolus Construction Pvt. Ltd. के पत्रांक–शून्य दिनांक–22.05.2026 के द्वारा दिए गए परिवाद/आपत्ति को अमान्य करने का निर्णय लिया जाता है।

(ii) उपभागीय ज्ञापांक–1631 दिनांक–20.05.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–20.05.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को यथावत् रखा जाय।

(iii) विषयांकित कार्य में किसी भी निविदाकार के सफल नहीं होने के फलस्वरूप निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया जाता है।

(iv) मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

8.2 समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

17/06/26
(मजीद अहमद)
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

17/06/26
(राजकुमार)
मुख्य अभियंता,
दक्षिण, पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

17/06/26
(विजय कुमार)
मुख्य अभियंता,
अनुश्रवण,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

17/06/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–43/2026 4062(E) पटना, दिनांक 17/6/2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

17/06/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।